देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 17.04.2025
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना में बड़ी सफलता, देवप्रयाग में सौड़ से जनासु तक बन रही भारत की सबसे लंबी रेल सुरंग आर–पार हुई।
- उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विभाग को 54 नियमित फैकल्टी सदस्य मिले।
- गृह सचिव शैलेश बगोली ने यू०सी०सी पोर्टल पर विवाह तथा अन्य सेवाओं के पंजीकरण की स्थिति की सभी जिलाधिकारियों से जानकारी ली।
- चारधाम यात्रा के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिये, 24 अप्रैल मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।

सफलता

उत्तराखंड में बन रही भारत की सबसे लंबी रेल सुरंग सफलतापूर्वक आर–पार हो गई है। यह सुरंग 125 किलोमीटर लंबी ऋषिकेश–कर्णप्रयाग ब्रॉड गेज रेल परियोजना का हिस्सा है और इसकी लंबाई 14 दशमलव पांच–सात किलोमीटर है, जो देवप्रयाग में सौड़ से जनासु तक बनी है।

सुरंग के ब्रेक थ्रू होने के अवसर पर कल केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुरंग स्थल पहुंचे और निरीक्षण किया। रेल मंत्री ने इसे उत्तराखंड के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों और श्रमिकों को बधाई दी।

गौरतलब है कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना का लगभग 105 किलोमीटर हिस्सा सुरंग से होकर गुजरेगा, जिसमें सोलह सुरंग होंगी। इस परियोजना के पूरा होने के बाद ऋषिकेश से कर्णप्रयाग का सफर सात घंटे से घटकर दो घंटे का रह जाएगा। इससे दूरस्थ इलाकों तक हर मौसम में पहुंच आसान होगी और पर्यटन व आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

सफलता– 2

वहीं, उत्तरकाशी जिले की सिलक्यारा सुरंग को भी सफलतापूर्वक आर–पार किया जा चुका है। यह सुरंग गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के बीच की दूरी 25 किलोमीटर तक कम कर देगी, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा और समय की बचत होगी। इस सुरंग की लंबाई लगभग साढे चार किलोमीटर है।

यह सुरंग वर्ष 2023 में चर्चा में आई थी, जब इस सुरंग के भीतर का एक हिस्सा ढहने से 41 मजदूर अंदर फंस गए थे और उन्हें 17 दिन के रेस्क्यू अभियान के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया।

नियमित फैकल्टी

उत्तराखंड के चिकित्सा शिक्षा विभाग को 54 नियमित फैकल्टी सदस्य मिले हैं। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित 18 प्रोफेसर और 36 एसोसिएट प्रोफेसर को प्रदेश के विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शीघ्र तैनात किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि विभाग ने 156 रिक्त पदों के लिए अधियाचन भेजा था, जिसके आधार पर चयन बोर्ड ने निर्धारित मानकों के तहत साक्षात्कार आयोजित कर विषयवार चयन प्रक्रिया पूरी की।

उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की वर्षों पुरानी कमी दूर होगी, जिससे न केवल शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध कार्यों को गति मिलेगी, बल्कि मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

प्रगति चर्चा

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और इनके क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत मुख्य सचिव ने ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला और क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने के साथ ही राज्य और जिला स्तर पर नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे साप्ताहिक रूप से इन यूनिट्स की निगरानी करें और जिन यूनिट्स का कार्य पूरा हो चुका है, उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र भारत सरकार को भेजे जाएं।

कैंचीधाम

नैनीताल और कैंचीधाम क्षेत्र में सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर योजना तैयार कर रहा है। कुमाऊं मंडल की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन में आईआईएम की विशेषज्ञ टीम ने नैनीताल, भवाली, भीमताल और कैंचीधाम क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों और स्थानीय लोगों से आवश्यक जानकारियाँ जुटाईं।

आईआईएम काशीपुर के अकादमिक संकायाध्यक्ष प्रोफेसर सोमनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि पिछले सप्ताह के आखिरी में शहर में गंभीर यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हुई थी, जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आईआईएम की टीम को नैनीताल जिले के प्रमुख पर्यटक स्थलों की यातायात और पार्किंग व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी। निरीक्षण के दौरान टीम ने पुलिस अधिकारियों से वर्तमान यातायात संचालन, सीमित पार्किंग की स्थिति, मार्ग परिवर्तन और सप्ताह के अंत में पर्यटकों की संख्या जैसी जानकारियाँ प्राप्त कीं। पुलिस अधिकारियों ने मानचित्र के माध्यम से उन्हें प्रमुख पर्यटक स्थलों और मंदिरों की स्थिति से भी अवगत कराया। इस जानकारी के आधार पर निकट भविष्य में अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार कर नैनीताल की यातायात चुनौतियों का स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

<u>यूसीसी पंजीकरण</u>

सचिवालय में गृह सचिव शैलेश बगोली की अध्यक्षता में समान नागरिक संहिता– यूसीसी के तहत विवाह और अन्य सेवाओं की पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यूसीसी पोर्टल पर आवेदन की स्थिति की जानकारी ली गई।

गौरतलब है कि अब तक यूसीसी पोर्टल पर लगभग चौरानब्बे हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 73 हजार से अधिक आवेदन विवाह पंजीकरण, लगभग बीस हजार पूर्व पंजीकृत विवाह की स्वीकृति और 430 आवेदन उत्तराधिकार से संबंधित हैं। इसके अलावा तलाक, लिव–इन रिलेशन से संबंधित मामलों के पंजीकरण के आवेदन भी प्राप्त हुये हैं।

इनमें से नवासी प्रतिशत आवेदनों को स्वीकृति दी गई है, जबकि 5 प्रतिशत निरस्त किए गए हैं।

सचिव ने जिलाधिकारियों को यू०सी०सी पर जनजागरूकता बढ़ाने और विशेष रूप से विवाह पंजीकरण के लिये शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के विवाह का पंजीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा जाए।

बैठक में यह भी बताया गया कि पिछले एक माह में प्रदेश की लगभग सभी ग्राम पंचायतों को यूसीसी सेवाओं से जोड़ा गया है।

मॉक ड्रिल आयोजन

चारधाम यात्रा के दौरान आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए 24 अप्रैल को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसके लिए सचिवालय में एक समन्वय एवं ओरिएंटेशन बैठक आयोजित की गई, जिसमें चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जिलों और रेखीय विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने बताया कि यह मॉक ड्रिल घटना प्रतिक्रिया प्रणाली (आईआरएस) के तहत संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन अकेले किसी एक विभाग का काम नहीं है, बल्कि इसमें सभी विभागों की साझेदारी जरूरी है। मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी हितधारकों की क्षमताओं और तैयारियों का मूल्यांकन करना है।

मेजर जनरल बहल ने बताया कि इस अभ्यास में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन और अन्य बलों के अधिकारी पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होंगे। मॉक ड्रिल का संचालन राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से किया जाएगा।

समीक्षा

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग और डेयरी विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान क्लस्टर आधारित तालाब निर्माण, मत्स्य आहार वितरण, दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना, महिला डेयरी योजना, गौ पालन योजना और महिला बकरी पालन योजनाओं की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग को हैचरी निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने और डेयरी विभाग को एनसीडीसी योजना में प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। सहायक निदेशक मत्स्य को विभागीय योजनाओं की जानकारी न होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अगली बैठक में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए। साथ ही डेयरी विभाग को जिले में चारा खरीदने वाले लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यदि चारे की मांग अधिक है तो उसकी व्यवस्था जिला योजना से की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि मत्स्य आहार वितरण योजना के अंतर्गत मत्स्य पालकों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। एनसीडीसी योजना में एक यूनिट में दो उन्नत नस्ल की गायों के लिए सामान्य वर्ग को 50 प्रतिशत तथा एससी, एसटी और महिला को 70 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है।

<u>और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....</u>

पौड़ी जिले के जनासु में ऋषिकेश–कर्णप्रयाग सुरंग की ब्रेकथ्रू की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है.... हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– देश की सबसे लंबी रेल सुरंग आर–पार, समाचार पत्र मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– उत्तराखंड की आर्थिकी को मिलेगी नई गति।

यूसीसी में विवाह पंजीकरण के लिए अब आधार कार्ड से ही लेंगे फोटो– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ लिखता है कि आवेदकों को यूसीसी पोर्टल पर  फोटो अपलोड नहीं करना होगा।

उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा को लेकर परिवहन विभाग अपनी तैयारियों में जुटा है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र एक खबर पर लिखता है कि बस टैक्सी के किराये में मनमानी पर दर्ज होगा मुकदमा।

सीएम हेल्पलाइन पर आ शिकायतों का समय पर निस्तारण ना होने पर दो अधिकारियों को नोटिस की ख़बर को अमर उजाला ने प्रकाशित किया है।

अल्मोड़ा में साइबर ठगी का शिकार हुए बुजुर्ग भाई बहन... इस खबर के शीर्षक में दैनिक जागरण लिखता है– दो दिन तक भाई बहन डिजिटल अरेस्ट, 65 लाख ठगे।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना में बड़ी सफलता, देवप्रयाग में सौड़ से जनासु तक बन रही भारत की सबसे लंबी रेल सुरंग आर–पार हुई।
- उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विभाग को 54 नियमित फैकल्टी सदस्य मिले।
- गृह सचिव शैलेश बगोली ने यू०सी०सी पोर्टल पर विवाह तथा अन्य सेवाओं के पंजीकरण की स्थिति की सभी जिलाधिकारियों से जानकारी ली।
- चारधाम यात्रा के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिये, 24 अप्रैल मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।